


## एक नजर में

### अवैध भण्डारण की गई गैस टंकी जब्त

**रतलाम।** तहसीलदार शहर ऋषभ ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को पटेल कालोनी के मकान नम्बर 152 के नजदीक में हुई आगजानी घटना के चलते आस-पास के मकानो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मकान नम्बर 152 के मालिक गोरीशंकर पिता गोपीलाल के घर से 7 गैस टंकी रखी होना पाया गया ।तहसीलदार रतलाम शहर ऋषभ ठाकुर, थाना प्रभारी डीडीनगर मनीष डाबर के द्वारा मौके पर अवैध रूप से भण्डारित गैस टंकी ,गैस रिफिलिग का सामान प्लास्टिक खर पाई गई ।पुलिस द्वारा 7 गैस टंकी ,गैस रिफिलिंग मशीन को मौके पर से जप्त कर थाने में ले जाया गया एवं मकान नम्बर 152 को सील किये जाने की कार्यवाही की गई ।

### अंबेडकर बस्ती की महिलाओं ने कलेक्टर से कहा - हैप्पी दिवाली

**रतलाम।** दिवाली पर मध्यप्रदेश में संसाधन विहीन बस्तियों और साधनहीन परिवारों में त्योहार की रौनक फीकी न रहे ,इसके लिए राज्य आनंद संस्थान द्वारा हर घर दिवाली अभियान चलाया जा रहा है।कलेक्टर मिशा सिंह ने अंबेडकर बस्ती में जाकर धनतेरस के अवसर पर उत्साह पूर्ण वातावरण में महिलाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान के दौरान सौभाग्य की डलियां,शुभकामनाओं के साथ वितरित की।उन्होंने महिलाओं से अपील की कि दिवाली मनाते समय अपने बच्चों और कपड़ों का ध्यान रखें और ज्यादा तेज आवाज वाले पटाखे ना जलाएं , क्योंकि वह स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता है।आनंद विभाग की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि इस अभियान हेतु अंबेडकर बस्ती में 51 परिवार ऐसे चिन्हित किए गए थे जो आर्थिक रूप से अत्यधिक कमजोर हैं।इन परिवारों की महिलाओं को सौभाग्य की डलिया अर्थात पूजन सामग्री, मिठाई, कपड़े बांटे गए।इस हेतु सारथी संस्था से दीपक लिए गए ताकि बौद्धिक दिव्यांगों को प्रोत्साहन मिले।सारथी संस्था के कुल 42 दिव्यांग बच्चों ने दिवाली हेतु खूबसूरत डलिया तैयार की हैं।आनंदक पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि त्यौहार की व्यस्तता के बीच धनतेरस पर यह नेक काम करते हैं। आनंदक गिरीश सारस्वत ने बताया कि समाज का वंचित वर्ग भी त्योहार मना सकें इस मंशा से हर घर दिवाली मुहिम शुरू की गई है ।ब्रह्मकुमारी मनोरमा दीदी ने मिल जुल कर दिवाली मनाने हेतु प्रेरित किया।बी के धर्मा कोठारी द्वारा सभी को मिठाई के पैकेट दिए गए ।आनंदक सुरेन्द्र अग्निहोत्री,विनीता ओझा,अशोक मेहता,विभा राठौड़ ,सतीश टांक,संदीप नारले द्वारा बच्चों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए ।कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने किया ।आनंदक मधु परिहार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 3 साल से यह अभियान चला रहे है,जो जन सहयोग से ही संभव हो पाया है।

### आरोग्य भारती गौसेवकों ने भगवान धन्वंतरि का पूजन किया

**रतलाम।** आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में आरोग्य भारती स्थापना दिवस एवं दीपावली महापर्व धनतेरस पर मालवा प्रांत महिला सह प्रमुख डॉ. निर्मला डांगी, वरिष्ठ योगगुरु रामबाबू यादव पतंजलि योगपीठ आरोग्य भारती जिला प्रमुख विशाल कुमार वर्मा के सानिध्य में जिला रतलाम शाखा एवं मानव सेवा समिति योग शाला, वाघेला गौसेवा जीवदया समिति प्रमुख दिनेश वाघेला द्वारा स्वस्थ शरीर में नारायण का वास भक्तिमय स्वरूप लिए साधकों की उपस्थिति में भगवान् धन्वंतरि के चित्र पर अमृता गिलोय बेल हरित माला दिप प्रज्वलन पूजन विधिविधान पूर्वक राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षिका रतलाम का गौरव श्रीमती सीमा अग्निहोत्री, म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक युवा युग प्रणेता रत्नेश विजयवर्गीय, वरिष्ठ योगगुरु प्रकाश चंद्र बिलाला के आतिथ्य में किया गया।बाबूलाल सिसोदिया, रामचंद्र भाटी, नित्येन्द्र आचार्य, श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, आशा भट्ट, सोनु राठौड़, अन्य ने सेवा धर्म लाभ लिया संचालन जिला प्रमुख विशाल कुमार वर्मा व आभार गौसेवक दिनेश वाघेला द्वारा किया गया।

## प्रिफेड इन्टरप्राइजेस जांच होने तक सील



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रिफेड इन्टरप्राइजेस में शुक्रवार को लगी आग के बाद कपंनी के गोदाम को सील कर दिया गया हैं।अब जांच होने तक सील बंद रहेगी। जांच के लिए एसडीएम आर्ची हरित की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई हैं। दल रियाहशी इलाके में गोदाम संचालन की अनुमति के संबध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं।

शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे बाजना बस स्टेण्ड रतलाम में जैन स्कूल के पीछे प्रिफेड इन्टरप्रायजेस जो पी.वी.सी एवं पोपिंग बोर्ड एवं पैकिंग बनाने की इकाई है, में अचानक

**एसडीएम आर्ची हरित की अध्यक्षता में जांच हेतु कमेटी गठित**

आग लग गई। गोदाम के संचालक अब्दुल हक पिता अब्बास एवं मुकदल पिता केदार मनाजी के द्वारा अन्दर वेल्टीनेशन के लिए कराए जा रहे वेल्डिग कार्य से आग लगी है।

**वेल्डिंग कार्य में लगी आग**

शुक्रवार दोपहर 12 .30 बजे बाजना बस स्टेण्ड रतलाम में जैन स्कूल के पीछे प्रिफेड इन्टरप्रायजेस जो पी.वी.सी एवं पोपिंग बोर्ड एवं पैकिंग बनाने की इकाई है, में अचानक आग लग गई।गोदाम के संचालक अब्दुल हक पिता अब्बास एवं मुकदल पिता केदार मनाजी के द्वारा अन्दर वेल्टीनेशन के लिए कराए जा रहे वेल्डिग कार्य से आग लगी है।गोदाम पर अग्नि सुरक्षा यंत्र होना नही पाया गया ।

गोदाम पर अग्नि सुरक्षा यंत्र होना नही पाया गया । मौके पर तहसीलदार रतलाम शहर ऋषभ ठाकुर, नायब तहसीलदार मनोज चौहान,राजस्व निरीक्षक तरूण रघुवंशी ,कस्बा पटवारी विजय क्षौत्रिय के साथ फायर बिग्रेड का बल एवं थाना प्रभारी दीनदयाल नगर मनीष डाबर उपस्थित रहे । आग को दमकल के द्वारा समय में बुझा दिया गया था। गोदाम मालिक से रियाहशी इलाके में गोदाम संचालन की अनुमति के संबध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश अनुसार गोदाम को तत्काल सील किया गया है। उक्त घटना पर एसडीएम शहर आर्ची हरित की अध्यक्षता में घटना की जांच करने के लिए कमेटी गठित कर रियाहशी इलाके में इस प्रकार गोदाम संचालन की विभिन्न बिंदुओं की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## नमकीन एवं स्वीट्स दुकान से केसर बर्फी, बेसन चक्की सहित वस्तुओं के सैंपल लिए

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** महापर्व दीपोत्सव को देखते हुए मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शहर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सकलेचा नमकीन एवं स्वीट्स दुकान से केसर बर्फी, बेसन चक्की सहित अन्य वस्तुएं के सैंपल लिए।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा आगामी त्योहारों को देखते हुए मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता एवं रामचंद्र पांडे द्वारा रतलाम स्थित सकलेचा नमकीन एवं स्वीट्स पर कार्रवाई करते हुए केसर बर्फी, कचोरी,बेसन चक्की, नमकीन मिक्सचर का नमूना लिया गया। फर्म गुरु कृपा कैटर्स सिंधी कॉलोनी से काजू कतली, मावा बर्फी, नमकीन मिक्सचर एवं रतलामी नमकीन का नमूना लिया गया। इसी प्रकार श्री देवनारायण दूध डेयरी एवं स्वीट्स स्टेशन रोड से सीका पेड़ा एवं पनीर एवं श्रीराम खंडेलवाल नमकीन एवं स्वीट से लॉन्ग सेव, टेस्टी नमकीन , दाल मोठ नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं नायब तहसीलदार हेमलता डिंडोर ने आलोट में कार्यवाही करते हुए कारगिल चौराहा स्थित सांची पार्लर से मावा पेड़े एवं रुक्मणिगंज स्थित दीपक अरोरा टी स्टॉल से मिठाई, तथा जगदेवगंज स्थित श्रीनाथ स्वीट्स से बर्फी के नमूने लिए गए।

बजना में प्रीति मंडोरिया ने दल के साथ निरीक्षण कर उपाध्याय स्वीट्स एंड नमकीन से मावा रोल ओर नमकीन के नमूने, नव आदर्श किराना से स्टार मिल्क बर्फी, साक्षी किराना से घी, मिल्की चॉकलेट के नमूने लिए गए। सभी खाद्य संस्थानों को अपने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



## उर्वरक विक्रय दुकानों का निरीक्षण

**रतलाम।** एसडी एम आलोट ने बताया कि एसएडीओ आलोट द्वारा आरएईओ ताल,हल्का पटवारी, सीएमओ, के साथ कृष्ण फर्टिलाइजर दुकान ताल का स्टॉक,लाइसेंस की जांच की गई । साथ ही उपस्थित किसानों तथा पूर्व में उक्त दुकान से खाद खरीद कर ले गए किसानों से दूरभाष पर चर्चा की गई ,जिसमें उनके द्वारा ष्ठ्रक्क 1350 तथा यूरिया 266 रुपए प्रति बैग दुकान से लेना स्वीकार किया गया। अतिरिक्त रेट नहीं लिया जा रहा है। टीम द्वारा ताल तहसील अंतर्गत अन्य 4 दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया। किसी भी प्रकार से ज्यादा दर पर उर्वरक का विक्रय होना नही पाया गया ।

## धनतेरस के उपलक्ष्य में श्री बड़ा रामद्वारा में धन्वंतरि पूजन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री बड़ा रामद्वारा रतलाम पुरोहित जी का बास में श्री आत्म कल्याण रामविलास ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान धन्वंतरि पूजन का रामद्वारा महंत पुष्पराज महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर के वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. केसी पाठक और डॉ. मनीष गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही अनेक चिकित्सको का अभिनन्दन भी किया गया। रामद्वारा के सप्तम महंत वैद्य रामविलास शास्त्री आयुर्वेदाचार्य देश की आजादी पूर्व रतलाम रियासत काल के राजवैद्य एवं इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैद्य थे। वे कई असाध्य रोगों उपचार करते थे। रामविलास शास्त्री द्वारा रतलाम में



सुलभ स्वास्थ्य चिकित्सा सामान्य व्यक्ति को मिल सके उसके लिए ट्रस्ट रजिस्टर्ड करवाया गया जिसके द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सालय का संचालन किया जाता है जिस से सेकड़ो मरीज स्वस्थ लाभ से लाभान्वित होते हैं। धन्वन्तरि पूजा के बाद रामद्वारा के महंत पुष्पराज रामस्नेही द्वारा चिकित्सको डॉ. पाठक,डॉ गुप्ता, डॉ. इंदु शेखर, आरोग्य भारती संयोजक डॉ. रवींद्र उपाध्याय, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुशील शर्मा, होम्योपैथ डॉ. दिनेश राव, अरविंद शर्मा आदि का अभिनन्दन किया। समाजसेवी गोविन्द काकानी, रामद्वारा के उत्तराधिकारी ध्यानदास रामस्नेही, जितेंद्रसिंह सोलंकी समेत बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## मिस्त्री ही निकला चोर, घर से जेवरात बरामद

**जावरा।** बीते दिनों गांव मावता में हुई चोरी का खुलासा कालूखेड़ा पुलिस ने शनिवार को किया। आरोपी भी मावता निवासी है,आरोपी के घर से शत प्रतिशत जेवरात जप्त किए। थाना कालूखेड़ा के ग्राम मावता में फरियादी रामप्रसाद पाटीदार के घर पर अलमारी में से पुराना सोने का मंगलसूत्र तथा मांग का टीका चोरी किया गया था। पुलिस द्वारा जाँच करते फरियादी के घर पर मिस्त्री का काम करने वाले फरीद पिता अख्तर साह द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी के घर से चोरी किया गया शत प्रतिशत माल पुलिस ने बरामद किया। आरोपी फरीद पिता अख्तर शाह उम्र 30 नि मावता को गिरफ्तार किया।

## औद्योगिक विकास,विकसित रतलाम की परिकल्पना होगी पूर्ण : मंत्री काश्यप

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार 2047 में विकसित भारत का सपना लेकर काम कर रहे है, ठीक उसी प्रकार से विकसित रतलाम का कार्य भी

**पत्रकार दीप मिलन समारोह में मंत्री काश्यप ने कहा**

हो रहा है और आधारभूत संरचनाएं अब स्वरूप ले रही है। विकसित रतलाम के लिए सकारात्मक माहौल का निर्माण किया है और अब शहर के लिए वो टर्निंग पॉइंट है, जिससे परिवर्तन की दिशा प्रारंभ हुई है। व्यापार के साथ उद्योग भी बड़े, उसके लिए 8 लेन एक्सप्रेस-वे का लाभ लेकर बड़े उद्योगों को लाने का प्रयास जारी है। मीडिया शहर के विकास के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएं, जिससे यह कार्य तेजी से



संपन्न हो सके। यह बात कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने पत्रकार दीप मिलन समारोह में कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, मीडिया सह प्रभारी निलेश बाफना, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पूरोहित, आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार उपस्थित रहे। श्री काश्यप ने कहा कि पिछले 1 साल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का पूरा वातावरण बदला है। रतलाम में भी विशेष निवेश क्षेत्र में औद्योगिक निवेश की शुरुआत हो चुकी है और जल्द ही नए उद्योग धंधे प्रारंभ हो जाएंगे। 12 सालों में जितनी भी घोषणाएं हुई है, उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास हुआ है। एटलेन एक्सप्रेस-वे के निकट होने से रतलाम का निवेश क्षेत्र निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां बिजली व्यवस्था के लिए जहां सब स्टेशन बनेगा, वहीं पानी की व्यवस्था कनेरी डैम से होगी। उसकी पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। शहर के सभी मार्ग सिटी फोरलेन बन चुके हैं। सिटी रिंग रोड का काम शुरू हो रहा है। करमदी रोड पर साड़ी कॉम्प्लेक्स के लिए हाउसिंग बोर्ड को जमीन अलॉट हो चुकी है। कालिका माता लोक का नक्शा भी बन गया है। ये जन भागीदारी और शासन की राशि से नए स्वरूप में तैयार होगा। संचालन जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने किया। आभार विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल ने माना।

## कलेक्टर ने विभाग योजनाओं की प्रगति जानी

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के बाद महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक की। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम बुधौलिया ने बताया कि जिले में 10 परियोजना अंतर्गत 67 सेक्टर द्वारा 2103 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 1957 आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार के संबंध में सुझाव लिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक, सीडीपीओ, सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन, दत्तक ग्रहण संबंधी मामले, रतलाम और जावरा में संचालित सखी वन स्टाप सेंटर, आदि की विस्तार से जानकारी ली।

## कई मतदाताओं के एक से अधिक वार्डों की सूची में नाम

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर परिषद की मतदाता सूची में ढ़ेरों अनियमितताएं हैं। कई मतदाताओं को नाम एक से

**पूर्व नप अध्यक्ष का मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप**

अधिक वार्ड की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

इस तरह का आरोप लगाते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती नम्रता जितेंद्रसिंह राठौड़ तहसीलदार एवं निर्वाचन अधिकारी सैलाना को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया कि मतदाता सूची में कई गड़बडियां हैं। कई मतदाताओं के नाम एक से अधिक वार्डों में दर्ज हैं, जबकि कई लोग जो वर्षों पहले नगर छोड़ चुके हैं, उनके नाम अब भी सूची में बने हुए हैं। सरकारी कर्मचारी, जिनका स्थानांतरण अन्य जिलों या नगरों में हो चुका है, उनके नाम अब भी स्थानीय मतदाता सूची में बने हुए हैं। इतना ही नहीं, कई मृत व्यक्तियों के नाम भी सूची से हटाए नहीं गए, जिससे मतदाता सूची की सत्यता और निर्वाचन की पारदर्शिता पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। पूर्व अध्यक्ष राठौड़ ने यह भी कहा कि कई मकानों की स्वामित्व स्थिति बदल जाने के बावजूद पुराने नाम सूची में दर्ज हैं, और कुछ मामलों में एक ही मकान के लिए अलग-अलग नंबरों के तहत दोहरावपूर्ण प्रविष्टियाँ की गई हैं। उनके अनुसार, यह स्थिति फर्जी मतदान की संभावना को बढ़ा सकती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय स्तर पर निर्वाचन कर्मियों को कई बार अवगत कराया गया, किंतु अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

### इनका कहना

निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने हेतु निर्वाचन अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**जितेंद्रसिंह राठौड़, अध्यक्ष प्रतिनिधि, पूर्व नगर परिषद सैलाना**

वर्ष मतदाता सूची के संशोधन, प्रशिक्षण एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन का उद्देश्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से अद्यतन और त्रुटिरहित रहे। किसी स्तर पर त्रुटि रह गई हो, नागरिकों को कोई अनियमितता दिख रही हो तो वे शिकायत कर सकते हैं।हम सूचनाओं का स्वागत करते हैं। शिकायतों पर जांच कर आवश्यक सुधार करेंगे।

**कुलभूषण शर्मा,तहसीलदार एवं निर्वाचन अधिकारी**

## रंगोली के रंग सेंट पॉल के संग सृजन और संस्कार का संगम




**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** दीपावली पर्व पर स्थानीय सेंटपॉल्स कॉन्वेंट स्कूल में रंगोली के रंग सेंटपॉल के संग और दिया डेकोरेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र मूणत, मैनेजर भाविक मूणत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 800 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का समन्वय स्थापित करना था। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से समसामयिक और राष्ट्रोन्मुखी विषयों को अत्यंत रचनात्मकता से प्रस्तुत किया।

मुख्य आकर्षण रही वे रंगोलियाँ जिनमें विद्यार्थियों ने वोकल फॉर लोकल के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का संदेश, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सैनिकों के पराक्रम को रंगों में सजाने का, आरएसएस के शताब्दी वर्ष को राष्ट्रीय संस्कारों के उत्सव के रूप में उकेरने का और मिशन 2047 के माध्यम से विकसित भारत के स्वप्न को साकार रूप में दिखाने का अद्भुत संगम प्रदर्शन किया।

### रंगोली सजावट नही, संस्कृति और देशभक्ति की रंगीन अभिव्यक्ति है

प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि रंगोली केवल सजावट नहीं, यह हमारे विचार, संस्कृति और देशभक्ति की रंगीन अभिव्यक्ति है। मैनेजर भाविक मूणत ने बताया कि विगत कई वर्षों से हम रंगोली के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को कला और संस्कृति से जुड़े रहने का सबक सिखाते आए है।हम 15 अक्टूबर से दिवाली पर्व समाज को समर्पित कर रहे है।इस श्रृंखला में ही हमने वस्त्र दान अभियान चलाया और उसके अगले क्रम में वृहद रंगोली उत्सव मनाया।विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की सृजनशीलता और देशप्रेम से सराबोर हो उठा।रंगों के माध्यम से भावनाओं का यह अद्भुत उत्सव सभी के लिए प्रेरणास्रोत बना।

**दीपोत्सव** — सोना-चांदी में उछाल के चलते आवश्यकतानुसार ही लोगों ने की खरीदी

## सजे बाजार..हुआ व्यापार, धनतेरस पर नगर में खूब बरसा धन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत धनतेरस से हुई। धनतेरस को लेकर मुख्य रूप से बर्तन बाजार में रौनक रहती है।दिनभर जोरदार ग्राहकी के दौरान दिन में बर्तन बाजार में दुकाने भी उसी जोरदार अंदाज में दुकानदारों ने सजाई। अमूमन हर परिवार धन तेरस को बर्तन या अन्य घरेलु उपकरण जरुर खरीदता ही है।ज्यादातर परिवार बर्तन खरीदकर धनतेरस मनाते है।

ग्राहकों ने चांदी एवं सोने के बड़े गहनों के बनिस्बत पायजब, बिछी व अंगुठी तक की ही खरीदी की। वर्तमान में रेडिमेड वस्त्रों का प्रचलन बढ़ने से वस्त्र व्यापारियों की दुकानों के बनिस्बत रेडिमेड व्यापारियों के यहॉ अधिक भीड़ दिखाई दी। कुल मिलाकर धन तेरस पर शहर में ऑटो मोबाईल्स, बर्तन, सराफा, वस्त्र आदि दुकानों पर साढे 3 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ। इधर शहर की विभिन्न कॉलोनियों और घरों के साथ संस्थाओं में भी रंगोली बनाई गई।

### चौपाटी और मुख्य बाजारों में दिनभर लगता रहा जाम

बाजार में भीड के मद्देनजर मुख्य बाजारों को लॉक कर दिया गया है।लेकिन शनिवार को धनतेरस पर भीड़ का दबाव अधिक होने के कारण कई बार जाम की स्थिति बनी।ऐसी ही स्थिति मुख्य बाजार कोठी घंटाघर चौराहा, तंबाकु बाजार, जवाहर पथ, खारीवाल मोहल्ला, बजाजखाना आदि मुख्य बाजारों में रही। इधर चौपाटी क्षेत्र में भी ओवर ब्रिज से चौपाटी रोड़ तक दर्जनों बार जाम की स्थिति बनी।

### मिठाई भी महंगी

इस बार मिठाई भी पिछले वर्ष की तुलना में काफी महंगी हो गई है। बाजार में मिठाई 400 से 2500 रूपये किलो तक की उपलब्ध है। वही पांच दिवसीय पर्व के लिए लक्ष्मी स्थापना के यहॉ शगुन के तौर पर रखने के लिए गन्ने एवं ज्वार के भुट्टे के साथ ही पुजन सामग्री भी नागरिको ने खुब खरीद की। शनिवार को बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से आए ग्रामीणों की भीड़ भी काफी देखी गई।

### रूप चौदस आज

शनिवार को रूप चौदस पर महिलाएं एवं पुरूष बड़ी संख्या में पार्लरों का रूख करेगे।इस दौरान महिला तथा जेंट्स पार्लरों में एक सप्ताह पूर्व से ही बुकिंग हो चुकी है। पार्लर संचालक रितिक साईवाल ने बताया कि इस बार रूप चौदस पर महिलाएँ एवं युवकों के लिए विशेष पैकेज की व्यवस्था कर रखी है। पांच दिवसीय पर्व के लिए लक्ष्मी स्थापना के यहॉ शगुन के तौर पर रखने के लिए गन्ने एवं ज्वार के भुट्टे के साथ ही पुजन सामग्री भी नागरिको ने खुब खरीद की।